# मिशन परिंदा अभियान

## चर्चा में क्यों?

राजस्थान के बारां ज़िला प्रशासन द्वारा पंचायती राज दिवस के अवसर पर '**मिशन परिंदा**' अभियान का शुभारंभ किया गया।

## मुख्य बिंदु

- **अभियान के बारे में:**
  - इस अभियान का उद्देश्य **पक्षियों को गर्मी में पानी उपलब्ध** कराना और पर्यावरण संरक्षण **तथा** जैवविविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।
  - अभियान के पहले चरण में **सभी सरकारी कार्यालयों** में **पानी के पात्र** लगाए जाएंगे जिनमें नियमित रूप से **ठंडा पानी** भरा जाएगा।
  - दूसरे चरण में **घोंसले** लगाए जाएंगे, जो खास तौर पर **गर्मियों** में पक्षियों के लिये सुरक्षा और आराम का माध्यम होंगे। ये घोंसले विशेष रूप से घास तथा नारियल के रेशों से बनाए जाएंगे।
  - ज़िला प्रशासन ने आम लोगों से भी इस अभियान से जुड़ें और अपने घरों तथा कार्यस्थलों पर **पानी के पात्र लगाने** की अपील की है।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस:

- 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह दिवस **73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992** के अधिनियमन का प्रतीक है, जिसके माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं (PRI) को सांविधिक प्रस्थिति प्रदान की गई।
- इसका पहला आयोजन **वर्ष 2010** में किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mission-parinda-campaign